# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय
## ब्लॉक –3 द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

Email- slqaccg@gmail.com, Website – highereducation.cg.gov.in

क्र. 830/238/आउशि /गु.प्र./2025 नवा रायपुर, दिनांक :– 17/07/2025

प्रति,

1. कुलसचिव,
   समस्त राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालय,
   छत्तीसगढ़
2. प्राचार्य,
   समस्त अग्रणी महाविद्यालय,
   छत्तीसगढ़
3. प्राचार्य
   समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
   छत्तीसगढ़

विषयः छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती समारोह के आयोजन के संबंध में।

संदर्भः छत्तीसगढ़ शासन, मुख्य सचिव कार्यालय का पत्र क्रमांक 248/मुंस/2025 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 04 जुलाई 2025

——00——

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्रानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित रजत जयंती समारोह के आयोजन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन ग्राम, वार्ड, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाना हैं जिसमें राज्य की उपलब्धियों को समस्त हितग्राहियों तक पहुँचाते हुये राज्य की 25 वर्षों की यात्रा को प्रदर्शित करते हुये एक विशेष सप्ताह का आयोजन दिनांक 08.09.2025 से 23.09.2025 तक समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में किया जाना हैं।

विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित किये जाने वाले गतिविधियॉ, गतिविधियों का विवरण एवं लक्षित समूह की जानकारी संलग्नक–01 में व्यवस्थित हैं।

1. विश्वविद्यालय, अग्रणी महाविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों हेतु कुलसचिव, प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय एवं प्राचार्य समस्त महाविद्यालयों को नोडल अधिकारी नामांकित किया जाता हैं।
2. संभागीय अपर संचालक को संभागीय नोडल अधिकारी नामांकित किया जाता है जो संभाग स्तर पर समस्त महाविद्यालयों में संचालित गतिविधियों की निगरानी एवं जानकारी एकत्र कर विभाग को सूचित करेंगे।

समस्त नामांकित नोडल अधिकारी संलग्नक –01 के अनुसार गतिविधियों के संचालन हेतु आवश्यक तैयारियॉ सुनिश्चित करें।

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार**

(डॉ. संतोष कुमार देवांगन)
आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

पृ.क्र. 831/238/आउशि /गु.प्र./2025 नवा रायपुर, दिनांक :– 17/07/2025

प्रतिलिपि,

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।
2. संचालक, संस्कृति विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।
3. सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य निजी विश्वविद्यालय, विनियामक आयोग को सूचनार्थ एवं समस्त निजी विश्वविद्यालयों को सूचित किये जाने हेतु प्रेषित।
4. संभागीय अपर संचालक रायपुर/बिलासपुर/दुर्ग/बस्तर/अंबिकापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

# रजत जयंती समारोह के कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन योजना : उच्च शिक्षा विभाग

| क्र. | गतिविधि का नाम | विवरण | लक्षित समूह | स्थान | प्रस्तावित तिथि | आयोजक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एल्युमनी मीट | सभी राजकीय विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों शासकीय महाविद्यालयों एवं अशासकीय महाविद्यालयो में पूर्व विद्यार्थियों का एल्युमनी मीट आयोजित करना। | सत्र 2000–2001 के पश्चात विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में प्रवेश लिये विद्यार्थी | सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय | 08 सितम्बर 2025 से 23 सितम्बर 2025 के मध्य | कुलसचिव/प्राचार्य |
| 2 | सेमीनार का आयोजन | रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़@ 50 एवं विकसित छत्तीसगढ़@ 2047 पर संगोष्ठी/आमंत्रित वक्तव्य/परिचर्चा का आयोजन करना। | प्रभारी मंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत/जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, पार्षद गण, अन्य निकायों के निर्वाचित सदस्य, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों के प्राध्यापक, विद्यार्थी, पूर्व छात्र, सेवाभावी संस्थाओं के पदाधिकारी, साहित्यकार स्वयंसेवी संगठन के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक | सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय | 08 सितम्बर 2025 से 23 सितम्बर 2025 के मध्य | कुलसचिव/प्राचार्य |
| 3 | जॉब फेयर | विश्वविद्यालयों एवं जिले के अग्रणी महाविद्यालयों में जॉब फेयर का आयोजन कर विभिन्न संस्थाओं/प्रतिष्ठानों को आमंत्रित करना। | प्रभारी मंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत/जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, पार्षद गण, अन्य निकायों के निर्वाचित सदस्य, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी, विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थी एवं पूर्व छात्र | सभी विश्वविद्यालय एवं जिला मुख्यालयों के अग्रणी महाविद्यालय | 08 सितम्बर 2025 से 23 सितम्बर 2025 के मध्य | कुलसचिव/प्राचार्य (अग्रणी महाविद्यालय) |
| 4 | क्विज, भाषण प्रतियोगिता एवं ग्रुप डिस्कशन | सभी राजकीय विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयों शासकीय महाविद्यालयों एवं अशासकीय महाविद्यालयो में रजत जयंती के उपलक्ष्य में क्विज, भाषण प्रतियोगिता एवं ग्रुप डिस्कशन आयोजित करना। | विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थी, पूर्व छात्र, गणमान्य नागरिक इत्यादि | सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय | 08 सितम्बर 2025 से 23 सितम्बर 2025 के मध्य | कुलसचिव/प्राचार्य |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | रजत जयंती पुस्तक मेला | विश्वविद्यालयों एवं अग्रणी महाविद्यालय में रजत जयंती के उपलक्ष्य में पुस्तक मेला का आयोजन जिला स्तर पर करना। (पुस्तक मेला के संबंध में संबंद्ध महाविद्यालयों एवं जिले के महाविद्यालयों को सूचित करना) | प्रभारी मंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत/जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, पार्षद गण, अन्य निकायों के निर्वाचित सदस्य, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी, निजी संस्थाओं, व्यापारिक संगठनों, पेशेवर संघों, विश्वविद्यालय /महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थी एवं पूर्व छात्र, गणमान्य नागरिक इत्यादि | सभी विश्वविद्यालय एवं जिला मुख्यालयों के अग्रणी महाविद्यालय | 08 सितम्बर 2025 से 23 सितम्बर 2025 के मध्य | कुलसचिव/ प्राचार्य (अग्रणी महाविद्यालय) |
| 6 | रजत जयंती तक का सफर | राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन. सी.सी. इकाईयों द्वारा परिचर्चा/नुक्कड़ नाटक/रैली/पोस्टर प्रतियोगिता इत्यादि का गोद ग्राम/निकटस्थ मुख्य स्थानों में आयोजन | प्रभारी मंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत/जनपद पंचायत क अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, पार्षद गण, अन्य निकायों के निर्वाचित सदस्य, विश्वविद्यालय/ महाविद्यालयों के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनएसस के विद्यार्थी | सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय | 08 सितम्बर 2025 से 23 सितम्बर 2025 के मध्य | कुलसचिव/ प्राचार्य/ एन.एस.एस. अधिकारी |
| 7 | राज्य स्तरीय सेमीनार छत्तीसगढ@50 | रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ की 25 वर्षो की विकास गाथा के आधार पर छत्तीसगढ@50 पर एकदिवसीय सेमीनार का आयोजन | प्रभारी मंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक एवं अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थी एवं पूर्व छात्र, गणमान्य नागरिक इत्यादि | पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर | 08 सितम्बर 2025 से 23 सितम्बर 2025 के मध्य | कुलसचिव – पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर |